DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Kargi Road, Kota, Dist.-Bilaspur (C.G), Ph. : +91-7753-253801
Fax : 07752-253728, email : info@cvru.ac.in
visit us at : www.cvru.ac.in

क्र. 21 /कु.स./सी.वी.आर.यू./2023 बिलासपुर, दिनांक : 02.02.2023

प्रति,

अध्यक्ष महोदय,
छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग,
छत्तीसगढ़ शासन,
रायपुर (छ.ग.)

विषय :— डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय का माह जनवरी — 2023 का मासिक प्रगति प्रतिवेदन।

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत, डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा माह जनवरी — 2023 का मासिक प्रतिवेदन प्रेषित किया जा रहा है।

सादर,

for कुलसचिव

# डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

## करगीरोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

### मासिक प्रगति पत्रक

माह :– जनवरी – 2023

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय का नाम एवं स्थापना वर्ष। | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, स्थापना वर्ष नवम्बर 2006, |
| 02 | विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी। | फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी<br>बी. ई. (कम्प्यूटर साईस)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल)<br>बी. ई. (मेकनिकल)<br>बी. ई. (सिविल)<br>बी. वोक (वोकेशनल)<br><br>एम. टेक. (कम्प्यूटर साईस)<br>एम. टेक. (डिजीटल कम्यूनिकेशन)<br>एम. टेक. (प्रोडक्शन इंजी.)<br>एम. टेक. (पावर सिस्टम)<br>एम. टेक. (साफटवेयर इंजी.)<br>एम. टेक. (वी.एल.एस.आई.)<br><br>डिप्लोमा (सिविल इंजी.)<br>डिप्लोमा (कम्प्यूटर साईस)<br>ड़िप्लोमा (ईई)<br>डिप्लोमा (मेकनिकल इंजी.)<br><br>फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एण्ड फिजिकल एजुकेशन<br>बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी. एड.)<br>मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम. एड.)<br>बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (बी.पी.ई.एस.)<br>मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (एम.पी.ई.एस.)<br><br>फैकल्टी ऑफ वाणिज्य एवं प्रबंधन<br>बैचलर ऑफ कामर्स (बी. काम.) |

# डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

## करगीरोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

## मासिक प्रगति पत्रक

माह :– जनवरी – 2023

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय का नाम एवं स्थापना वर्ष। | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, स्थापना वर्ष नवम्बर 2006, |
| 02 | विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी। | फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी<br>बी. ई. (कम्प्यूटर साईस)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल)<br>बी. ई. (मेकनिकल)<br>बी. ई. (सिविल)<br>बी. वोक (वोकेशनल)<br><br>एम. टेक. (कम्प्यूटर साईस)<br>एम. टेक. (डिजीटल कम्यूनिकेशन)<br>एम. टेक. (प्रोडक्शन इंजी.)<br>एम. टेक. (पावर सिस्टम)<br>एम. टेक. (साफटवेयर इंजी.)<br>एम. टेक. (वी.एल.एस.आई.)<br><br>डिप्लोमा (सिविल इंजी.)<br>डिप्लोमा (कम्प्यूटर साईस)<br>ड़िप्लोमा (ईई)<br>डिप्लोमा (मेकनिकल इंजी.)<br><br>फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एण्ड फिजिकल एजुकेशन<br>बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी. एड.)<br>मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम. एड.)<br>बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (बी.पी.ई.एस.)<br>मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (एम.पी.ई.एस.)<br><br>फैकल्टी ऑफ वाणिज्य एवं प्रबंधन<br>बैचलर ऑफ कामर्स (बी. काम.) |

| | | |
|---|---|---|
| | | मास्टंर ऑफ कामर्स (एम. काम.)<br>मास्टर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन(एम.बी.ए.)<br>बैचलर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन(बी.बी.ए.)<br>पोस्ट ग्रेजुऐट डिप्लोमा इन बिजिनेस मैनेजमेंट (पीजीडीबीएम)<br><br>फैकल्टी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी<br>पीजीडीसीए (पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्पयूटर एप्लीकेशन)<br>बी.सी.ए. (बैचलर ऑफ कम्पयूटर एप्लीकेशन)<br>डी.सी.ए. (डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन)<br>एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस)<br>एम.एस.सी. (आई. टी.)<br><br>फैकल्टी ऑफ आर्ट्स<br>बी. ए. (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, भूगोल, शिक्षा, राजनीति शास्त, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र)<br>एम. ए. (हिन्दी साहित्य)<br>एम. ए. (अंग्रेजी साहित्य)<br>एम. ए. (संस्कृत साहित्य)<br>एम. ए. (भूगोल)<br>एम. ए. (शिक्षा)<br>एम. ए. (राजनीति शास्त्र)<br>एम. ए. (अर्थशास्त्र)<br>एम. ए. (इतिहास)<br>एम. ए. (समाज शास्त्र)<br>बी. लिब.<br>एम. लिब.<br>एम. एस. डब्ल्यू.<br>ललित कला<br><br>फैकल्टी ऑफ जर्नालिज्म एण्ड मास कामुनिकेशन<br>बी. जे. एम. सी.<br>एम. जे. एम. सी.<br><br>फैकल्टी ऑफ साईंस<br>बी. एस. सी. (जीव.)<br>बी. एस. सी. (गणित)<br>बी. एस. सी. (कम्प्यूटर साईंस)<br>एम. एस. सी. (गणित)<br>एम. एस. सी. (भौतिकी)<br>एम. एस. सी. (प्राणी शास्त्र) |

| | | |
|---|---|---|
| | | एम. एस. सी. (वनस्पति शास्त्र)<br>एम. एस. सी. (रसायन)<br>एम. एस. सी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान)<br>एम. एस. सी. (जैव प्रौद्योगिकी)<br>एम. एस. सी. (ग्रामीण प्रौद्योगिकी)<br><br>फैकल्टी ऑफ लॉ<br>बी.ए.एल.एल.बी<br>बी.काम. एल.एल.बी.<br>एल.एल.बी.<br>एल.एल.एम.<br><br>फैकल्टी ऑफ फार्मेसी<br>बी. फार्मा<br>डी. फार्मा<br><br>शोध पाठ्यक्रम |
| 03 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए संबंधित विनियामक इकाईयों के द्वारा सक्षम अनुमति प्राप्त कर ली गई है? यदि हां, तो तत्संबंधी आदेश की छायाप्रति। | हॉ, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिये संबंधित विनियामक इकाईयों के द्वारा सक्षम अनुमति प्राप्त कर ली गई है। तत्संबंधी आदेश की छायाप्रति पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। |
| 04 | विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं (भवन, प्रयोगशाला, ग्रंथालय, खेल मैदान, फर्नीचर, उपकरण एवं अन्य सुविधायें।) | विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधायें पर्याप्त है। |
| 05 | क्या विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधायें संचालित पाठ्यक्रमों के अनुरूप हैं? | उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, पाठ्यक्रमों के अनुरूप है। नए उपकरणों का क्रय किया जा चुका है। नया फर्नीचर एवं लाईब्रेरी के लिये पुस्तकों इत्यादि का क्रय भी किया जा चुका है। |
| 06 | विश्वविद्यालय में कार्यरत् अधिकारियों की जानकारी। | विश्वविद्यालय में 16 विभाग संचालित है, जिसमें शिक्षक एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति नियमानुसार मापदण्डों के आधार पर एवं योग्यता के अनुरूप की जाती है। |
| 07 | विश्वविद्यालय में कार्यरत् शिक्षक। | विश्वविद्यालय में 16 विभाग संचालित है, जिसमे शिक्षक एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति नियमानुसार मापदण्डों के आधार पर एवं योग्यता के अनुरूप की जाती है। विभाग में छात्र–छात्राओं की संख्या के आधार पर |

| | | |
|---|---|---|
| | | शिक्षकों एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति की गई है। |
| 08 | क्या विश्वविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकों की योग्यता एवं अनुभव निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है? | शिक्षकों की नियुक्ति नियमानुसार की गई है एवं मापदंडो के अनुरूप है। |
| 09 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों की संख्या मापदंडों के अनुरूप है ? | शिक्षकों की संख्या मापदंडों के अनुरूप है, एवं छात्रों की संख्या के अनुसार है। |
| 10 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम के लिए परिनियम/अध्यादेश का अनुमोदन प्राप्त किया गया है? यदि हां, तो उसका विवरण। | परिनियम एवं अध्यादेश विधिवत् अनुमोदित है एवं माननीय आयोग को प्रेषित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के परिनियम के आधार पर निम्न ईकाइयों का गठन किया गया है, जिसमें अंतर्गत शासी निकाय, प्रबंध मंडल एवं अकाद्मिक परिषद् का गठन किया गया है, जिसमें अकाद्मिक परिषद् द्वारा समय–समय पर पाठ्यक्रमों में परिवर्तन कर अपग्रेड किया जाता है, तथा उच्च कोटि के लैब, लाईब्रेरी का निर्माण पाठ्यक्रमानुसार किया गया है। अकाद्मिक परिषद् द्वारा समय–समय पर शोध कार्य हेतु सेमीनार, वर्कशाप एवं फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी किया जाता है। |
| 11 | क्या विनियामक आयोग/शासन के द्वारा निजी क्षेत्र विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया है? यदि हां, तो निरीक्षण में पाई गई कमियां तथा कमियों को दूर करने के लिये विश्वविद्यालय को दिये गये निर्देश, क्या विश्वविद्यालय द्वारा शासन/विनियामक आयोग के निर्देशों का पालन किया गया है? | हॉ, माननीय आयोग के द्वारा विश्वविद्यालय का निरीक्षण दिनांक 26.12.2022 को किया गया था एवं दिनाक 25.01.2023 को सदस्य अकाद्मिक डॉ. अंजना शर्मा जी द्वारा विश्वविद्यालय के अकाद्मिक विभाग का अकाद्मिक विजिट किया गया। माननीय आयोग के निर्देशों का पालन नियमानुसार किया जा रहा है। |
| 12 | विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर संक्षिप्त प्रतिवेदन। | विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश नियमानुसार एवं अध्यादेशों के अनुरूप प्रवेशित छात्र–छात्राओं द्वारा दी गई शुल्क द्वारा विश्वविद्यालय में अलग–अलग विभागों के लिये भवन, प्रयोशालाओं का निर्माण एवं उच्च कोटि के आधुनिक उपकरणों का क्रय, समस्त विभाग के अधिकारीगण, शिक्षणगण एवं कर्मचारियों के लिये फर्नीचर, ग्रंथालय में विभागानुसार पुस्तकों का क्रय एवं ग्रंथालय में छात्र–छात्राओं |

| | | |
|---|---|---|
| | | के लिये अध्ययन करने के लिये उच्च कोटि की व्यवस्था मापदण्डों के अनुरूप, आवागमन साधन एवं अन्य सुविधाओं की पूर्ति की जा रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भी ऋण लिया गया है, विश्वविद्यालय की पितृ संस्था द्वारा भी विश्वविद्यालय को समय–समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति नियमानुसार नियमित रूप से है। |
| 13 | छात्रों से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए, लिये जाने वाले शुल्क की जानकारी। | छात्रों से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए, लिये जाने वाले शुल्क की जानकारी पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। |
| 14 | क्या शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य शुल्क विद्यार्थियों से लिये जाते हैं? यदि हां तो उसका औचित्य। | अध्यादेशों के अनुसार ही शुल्क लिया जाता है, अतिरिक्त शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है। |
| 15 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम यूजीसी, एआईसीटीई या अन्य विनियामक इकाईयों के मार्गदर्शक बिन्दुओं के अनुरूप हैं? | विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रम यूजीसी के अधिनियम 1956 की धारा (22) के अनुरूप है तथा एआईसीटीई, एनसीटीई, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया या अन्य विनियामक इकाईयों के अनुसार है एवं अनुमोदित है, जिसका निरीक्षण संबंधित इकाईयों द्वारा तथा आयोग द्वारा किया जा चुका है। |
| 16 | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियां। | – छत्तीसगढ़ में 6 जनवरी 2023 को अन्नदान का महापर्व छेरछेरा का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर रेडियो रमन ने 4 जनवरी 2023 को कोटा क्षेत्र के ग्रामीणों से बातचीत की। इस दौरान ग्रामीण/श्रोताओं ने कहा कि, छेरछेरा हमारे प्रदेश का महापर्व है, इस दिन ग्रामीणों सहित धान दान करने की परंपरा है। इस पर्व की कहानी सुनाई। यह कार्यक्रम 6 जनवरी 2023 को रेडियो रमन के माध्यम से प्रसारित किया गया।<br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय विश्व हिन्दी दिवस दिनांक 10 जनवरी 2023 से 12 |

| | | |
|---|---|---|
| | | जनवरी 2023 तक मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी के वैश्विक स्तर पर स्थापित होने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को बताया गया कि हिंदी आज वैश्विक स्तर पर स्थापित है और सर्वमान्य भाषा भी है। आज जब पूरी दुनिया को भारत के पारंपरिक ज्ञान और पारंपरिक कौशल की जानकारी मिल रही है। ऐसे में वह इस पारंपरिक ज्ञान और कौशल को जानने समझने और सीखने के लिये हिंदी को स्वीकार कर रहे है।<br><br>– आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा निर्देशित "विद्यांजलि" कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 11 जनवरी 2023 को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गनियारी, बिलासपुर, 13 जनवरी 2023 को स्वामी आत्मानंद, शासकीय मल्टीपरपस स्कूल दयालबंद, बिलासपुर, 17 जनवरी 2023 को स्वामी आत्मानंद शेख गफफार स्कूल, तारबहार, बिलासपुर एवं 25 जनवरी 2023 को एल. बी. डी. इंटरनेशनल स्कूल, करगी रोड कोटा, बिलासपुर के स्कूली बच्चों का विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रयोगशाला जैसे कम्प्यूटर प्रयोगशाला, भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला, रसायन शास्त्र प्रयोगशाला, इंजीनियरिंग प्रयोगशाला, डिजिटल क्लासरूम, सेंट्रल लाइब्रेरी, छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी संग्रहालय संजोही, रूरल प्रौद्योगिकी विभाग, प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कैरियर के बारे में मार्गदर्शन देना तथा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने |

| | | |
|---|---|---|
| | | बड़ी उत्सुकता के साथ विश्वविद्यालय के रूरल टेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों के निर्माण प्रक्रिया को समझा प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी संग्रहालय तथा छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को समझा।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां पर युवाओं को जागरूक करने से संपूर्ण राष्ट्र का विकास तेजी से होगा। आज के समय विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, केन्द्र / क्लब / समिति प्रमुख, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सभी छात्र–छात्राओं और समस्त नागरिकों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो को स्वीकार करने एवं जीवन में उतारने और उनके कृतित्व से प्रेरणा लेना चाहिये। इन सभी बातों को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर साझा किया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में मकर संक्राति, लोहड़ी, बिहू और पोंगल पर्व उत्साह और उमंग के साथ 14 जनवरी 2023 को मनाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से खिचड़ी और तिल के लड़्डु के साथ अनेक प्रकार के व्यंजन बनाये गये। लोहड़ी पर हर्ष उत्साह के साथ नृत्य का आयोजन भी रखा गया था। सभी ने भारत देश की संस्कृति को अलग–अलग राज्यों में विभिन्न रूपों में मनाये जाने के महत्व को एक–दूसरे से साझा किया। यह आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति केंद्र, ललित कला |

| | | |
|---|---|---|
| | | विभाग, रायगढ़ कथक केंद्र, रविंद्र नाथ टैगोर कला एवं संस्कृति केंद्र एवं आईक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया था।<br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में 23 जनवरी 2023 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जी की याद में मनाया जाता है। सुभाष चंद्र बोस जी का 23 जनवरी को जन्म हुआ था। इस दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जाती है, जिसे पराक्रम दिवस का नाम दिया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संपूर्ण जीवन हर युवा और भारतीय के लिए आदर्श है। उन्होंने आजादी की जंग में शामिल होने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा का परित्याग कर दिया और इंग्लैंड से भारत वापस लौट आए। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में उन्होंने आजाद हिंद सरकार और आजाद हिंद फौज का गठन किया। खुद का आजाद हिंद बैंक स्थापित किया जिसे 10 देशों का समर्थन मिला। आजादी की जंग में उनके योगदान और उनके पराक्रम को याद करने के लिए सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है।<br>– 24 जनवरी 2023 को छत्तीसगढ़ के अंतिम जीवित स्वतंत्रता सेनानी श्री नंदुराव भांगे जी का साक्षात्कार विश्वविद्यालय के रेडियो रमन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लिया गया था। भांगे जी बिलासपुर जिले के चकरभाठा क्षेत्र के रहने वाले हैं। महज 14 साल की उम्र में उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाने में अपना योगदान दिया। उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और 3 महीने के लिए जेल गए। इंटरव्यू के दौरान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | उन्होंने बताया कि जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को टॉर्चर किया जाता था और खाने में कंकड़–पत्थर और बालू दिया जाता था. उनका कहना है कि देश को बड़ी मुश्किल से आजादी मिली है, इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक को करना चाहिये। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया एवं इसके महत्व एवं थीम को समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि, राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) का विषय नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर (वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट देता हूं) मतदाताओं को समर्पित है जो वोट की शक्ति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति व्यक्ति की भावना और आकांक्षा को व्यक्त करता है। इस कार्यक्रम के लिये बनाये गये ''लोगो'' को चुनाव प्रक्रिया के उत्सव और समावेशिता को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी पृष्ठभूमि में अशोक चक्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि स्याही लगी उंगली देश के प्रत्येक मतदाता की भागीदारी का प्रतिनिधित्व करती है। इस ''लोगो'' में जो टिकमार्क है वो मतदाता द्वारा सूचित निर्णय लेने का प्रतीक है। 2011 से ही भारत के निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस, यानी 25 जनवरी 1950 को चिन्हित करने के लिए पूरे देश में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस एनवीडी उत्सव का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरूकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। देश के मतदाताओं को समर्पित, राष्ट्रीय मतदाता दिवस का इस्तेमाल |

| | | |
|---|---|---|
| | | मतदाताओं, खासकर नए–नए पात्र युवा मतदाताओं के नामांकन की सुविधा के लिए भी किया जाता है। देश भर में आयोजित एनवीडी समारोहों में नए मतदाताओं का अभिनंदन किया जाता है और उन्हें अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) सौंपा जाता है।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 26 जनवरी 2023 को 74 वें गणतंत्र दिवस पर्व के अवसर पर तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति गीत एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्लाटून कमांडर द्वारा एनसीसी यूनिट का परेड के बाद मार्च पास्ट कराया गया। एनसीसी के कैडेट्स को रैंक प्रदान एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा की आडियो क्लिप सभी छात्र–छात्राओं के लिये साझा किया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में बंसत पंचमी के अवसर पर दिनांक 26 जनवरी 2023 को मां सरस्वती जी की पुजा अर्चना की गई।<br><br>– राष्ट्रीय एकता की भावना का जश्न मनाने के लिए "एक भारत श्रेष्ठ भारत" विषय पर आधारित कार्यक्रम "पोस्टर मेकिंग" प्रतियोगिता शुरू की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय हमारे देश के इतिहास, संस्कृति, विविधता और अखंडता से संबंधित था। दिनांक 27 जनवरी 2023 को प्रतियोगिता आयोजित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | की गई। प्रतियोगिता एक घंटे की अवधि के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को सक्षम करके, एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देना है, यह हमारी रंगीन संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को सीखने का अवसर प्रदान करता है। भारत जैसा कोई देश नहीं है, काफी विविधतापूर्ण, बहुभाषी और बहु–सांस्कृतिक, फिर भी साझा परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों की प्राचीन सीमाओं से बंधे हुए हैं। इस तरह के बंधनों को विभिन्न क्षेत्रों के लोगों और जीवन के तरीकों के बीच निरंतर पारस्परिक संपर्क के माध्यम से मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से विशेष देश में विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच एकता की समृद्ध मूल्य प्रणाली को सुरक्षित करे। |
| | | — | आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्यांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2023 को पंडित राम सरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटरा, जिला जांजगीर में विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक 25 पुस्तकों का सेट प्रदान किया गया। कुटरा हाई स्कूल के प्राचार्य श्री संदीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं हिंदी के व्याख्याता अनुराग तिवारी के संयोजन में कैरियर मार्गदर्शन व व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के विकास के साथ–साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप दैनिक जीवन चर्या एवं आहार–विहार को सफलता का मूल मंत्र |

| | | |
|---|---|---|
| | | बताया एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विचार विद्यार्थियों से साझा किए गये। प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के द्वारा दिनांक 30 जनवरी 2023 को "स्थानीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का प्रचार" विषय पर आधारित कार्यक्रम पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया था।<br>मुख्य बिंदु जो पैनलिस्ट द्वारा उठाए गए थे – 1. शिक्षा व्यवस्था में क्षेत्रीय भाषाओं की आवश्यकता। 2. क्षेत्रीय भाषाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधान। 3. स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं (वर्नाक्यूलर) को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल।<br>4. शिक्षा में क्षेत्रीय भाषा को कैसे बढ़ावा दिया जाएगा।<br><br>– सत्र 2022–23 में शैक्षणिक गतिविधियॉ एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना एवं नवीन पाठ्यक्रमों के अनुरूप संसाधनों का निर्माण करना। |
| 17 | विश्वविद्यालय के संचालन में आने वाली प्रशासनिक, अकाद्मिक एवं अन्य कठिनाईयों की जानकारी। | – GAD के Circular में अभी तक विश्वविद्यालय का नाम समस्त विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। |

कुलसचिव